**Terms of Reference (TOR)**
**Junior Consultant, Knowledge Management Division (KMD)**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to channelize technical assistance and capacity building support to the states for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute to health policy / programme design and evaluation.

Since its inception in 2006, NHSRC has been a repository of knowledge and a center of excellence for its agenda. This organization has professional linkages with a plethora of domestic and international bodies involved in the field of Public Health. There have been a number of personnel who have served with NHSRC and gained invaluable experience enabling them to graduate to next rung of professional ladder. Vast exposure to Ministry of Health and Family Welfare, and its processes is a unique feature of NHSRC.

If you have a commitment to health systems strengthening, universal health coverage and excellence in public health, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening healthcare systems, improving service delivery and enabling positive health outcomes, through hands-on technical support at National, State and District levels. Working with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, co-create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal health coverage, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and administration. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the National and Global Goals.

The position reports to the Advisor-Knowledge Management Division, NHSRC and is on Contractual basis.

**Roles & responsibilities:**

- Support the activities as part of Research including Implementation Research for Health System Strengthening (IR-HSS) and coordinate activities viz. research priorities setting workshops, setting annual research agenda, etc.
- Support the rapid reviews of the projects under KMD to provide an update on a periodic basis.
- Provide technical inputs to research studies/protocols as and when required.
- Support review and analysis of published and grey literature and data available through various sources on a periodic basis, including National/State/District level survey, HMIS, Sustainable Development Goal indicators and Universal Health Coverage indicators.
- Support in creating platform for partners/stakeholders to share and create evidence-based Knowledge, enabling the uptake of information to strengthen the health system interventions.

- Ensure availability of information from available data source in an easily transferrable and usable form, based on the requirement of the Knowledge Management and other divisions. Keep divisions abreast of latest findings on key health system data and studies including SDG and UHC indicators.
- Support in activities pertaining to data collection, collation, analysis and report writing in coordination with Implementation Research for Health System Strengthening (IR-HSS), KMD Identify best practices and innovations within states and districts and support in documentation. Undertake review of literature and stay up to date on current trends in health system strengthening.
- Ensure timely and high-quality response to MoHFW and Parliament questions pertaining to the division.
- Support Knowledge Management Division on all administrative and technical matters.
- Support Advisor in other assignments as and when required.

**Qualifications and Experience:**

Only full-time regular Bachelor's degrees (minimum 3 years) and full-time regular Postgraduate qualifications (minimum 2 years), wherever applicable, shall be considered. Diploma, certificate, Executive programmes, and qualifications obtained through distance, online, part-time, or correspondence mode shall not be considered. Only post-qualification experience shall be counted.

**Qualification:**

MBBS/BAMS/BHMS/BDS/ Psychology with Post Graduate Degree (fulltime course) or higher qualification in Public Health, or Hospital or Health Administration from a reputed institution.

**Experience:**

- Have at least 1 year of Post Qualification experience, especially in core public health domain and research activities.
- Experience in one or all the following:
  - Qualitative research
  - Quantitative research
  - Systematic reviews
  - Documentation
  - Data analysis
- Excellent analytical skills, communications and presentation skills, and interpersonal abilities.
- Excellent oral and written communication skills in English
- Formal educational qualifications, experience, and age could be relaxed for exceptional candidates

**Written Test Condition:** If the recruitment process includes a written test, a minimum qualifying mark will be 70%. However, if the number of qualifying candidates is high, a ratio of 1:5 will be adopted for 1 vacancy; the top 5 candidates will be considered. In

case 2 or more candidates qualify with the same marks, all such candidates will be considered.

**Age Limit**: 40 Years and below

**Work Location**: New Delhi; Opportunity to gain hands-on experience of the public health canvas of states and districts.

Travel to states and districts will be involved.

**Remuneration Range**: Between Rs. 40,000/- to Rs. 70,000/- per month
(***Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience.)***

**Other Benefits**: In addition to the remuneration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract**: Contract till 31st March 2028 with further extensions of similar duration (subject to satisfactory performance)
Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at an appropriate level.

**How to apply**: Candidates are requested to complete the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. The last date for receiving applications is 28th July 2026

## संदर्भ की शर्तें

## कनिष्ठ सलाहकार , ज्ञान प्रबंधन प्रभाग (KMD)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के अंतर्गत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसाइटी के रूप में की गई है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता निर्माण समर्थन प्रदान करना है। NHSRC को स्वास्थ्य नीति / कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने एवं उनके मूल्यांकन में योगदान देने का दायित्व भी सौंपा गया है।

वर्ष 2006 में स्थापना के बाद से ही NHSRC अपने कार्यक्षेत्र में ज्ञान के भंडार एवं उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। इस संस्था के सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ पेशेवर सहयोग संबंध स्थापित हैं। अनेक पेशेवरों ने NHSRC में कार्य करते हुए महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया है, जिससे उन्हें अपने व्यावसायिक जीवन में उच्च स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिला है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं उसकी कार्यप्रणाली के साथ व्यापक कार्यानुभव NHSRC की एक विशिष्ट विशेषता है।

यदि आप स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो यह भारत के स्वास्थ्य परिदृश्य को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्यरत एक समर्पित टीम के साथ कार्य करने का विशिष्ट अवसर है। यह पद आपको राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर प्रत्यक्ष तकनीकी सहयोग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, सेवा प्रदाय में सुधार लाने तथा सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में सहभागी बनने का अवसर प्रदान करता है। बहु-विषयक टीम के साथ कार्य करते हुए आप सेवा प्रदाय प्रणाली, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज, स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाएँ, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ, सार्वजनिक स्वास्थ्य योजना एवं प्रशासन से संबंधित विभिन्न चुनौतियों के समाधान विकसित करने, उन्हें अनुकूलित करने, सह-निर्मित करने एवं प्रसारित करने में योगदान दे सकते हैं। यह बड़े स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला एवं उप-जिला स्तर के क्रियान्वयन से सीखने, ज्ञान रूपांतरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने तथा राष्ट्रीय एवं वैश्विक लक्ष्यों की प्राप्ति में योगदान देने का अवसर है।

यह पद परामर्शदाता (एडवाइजर) – ज्ञान प्रबंधन प्रभाग, NHSRC को प्रतिवेदित करेगा तथा संविदा के आधार पर होगा।

**कर्तव्य एवं दायित्व :**

- स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण हेतु कार्यान्वयन अनुसंधान (IR-HSS) से संबंधित अनुसंधान गतिविधियों में सहयोग प्रदान करना तथा अनुसंधान प्राथमिकता निर्धारण कार्यशालाओं, वार्षिक अनुसंधान कार्यसूची के निर्धारण आदि गतिविधियों का समन्वय करना।
- ज्ञान प्रबंधन प्रभाग के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की त्वरित समीक्षाओं में सहयोग प्रदान करना, ताकि समय-समय पर उनकी अद्यतन स्थिति उपलब्ध कराई जा सके।

- आवश्यकतानुसार अनुसंधान अध्ययनों एवं अनुसंधान प्रोटोकॉल के लिए तकनीकी सुझाव एवं सहयोग प्रदान करना।
- राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर के सर्वेक्षणों, स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (HMIS), सतत विकास लक्ष्य (SDG) संकेतकों, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (UHC) संकेतकों तथा अन्य उपलब्ध स्रोतों से प्राप्त प्रकाशित एवं अप्रकाशित साहित्य तथा आंकड़ों की समय-समय पर समीक्षा एवं विश्लेषण में सहयोग प्रदान करना।
- भागीदारों एवं हितधारकों के लिए साक्ष्य-आधारित ज्ञान के आदान-प्रदान एवं सृजन हेतु मंच विकसित करने में सहयोग प्रदान करना, जिससे स्वास्थ्य प्रणाली संबंधी हस्तक्षेपों को सुदृढ़ बनाने के लिए उपलब्ध जानकारी का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके।
- ज्ञान प्रबंधन प्रभाग तथा अन्य प्रभागों की आवश्यकताओं के अनुरूप उपलब्ध डेटा स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं को सरलतापूर्वक हस्तांतरणीय एवं उपयोग योग्य स्वरूप में उपलब्ध कराना तथा प्रमुख स्वास्थ्य प्रणाली संबंधी आंकड़ों एवं अध्ययनों, जिनमें सतत विकास लक्ष्य एवं सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज संकेतक शामिल हैं, के नवीनतम निष्कर्षों से प्रभागों को समय-समय पर अवगत कराना।
- ज्ञान प्रबंधन प्रभाग के अंतर्गत स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण हेतु कार्यान्वयन अनुसंधान (IR-HSS) के साथ समन्वय स्थापित करते हुए डेटा संग्रहण, संकलन, विश्लेषण एवं प्रतिवेदन लेखन से संबंधित गतिविधियों में सहयोग प्रदान करना।
- राज्यों एवं जिलों में अपनाई जा रही सर्वोत्तम प्रथाओं एवं नवाचारों की पहचान करना तथा उनके प्रलेखन में सहयोग प्रदान करना। स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण से संबंधित साहित्य की समीक्षा करना तथा नवीनतम प्रवृत्तियों से अद्यतन रहना।
- प्रभाग से संबंधित विषयों पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा संसद से प्राप्त प्रश्नों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उत्तर सुनिश्चित करना।
- ज्ञान प्रबंधन प्रभाग को सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी विषयों में सहयोग प्रदान करना।
- आवश्यकतानुसार परामर्शदाता (एडवाइजर) को अन्य सौंपे गए कार्यों में सहयोग प्रदान करना।

**योग्यताएँ एवं अनुभव :**

केवल पूर्णकालिक नियमित स्नातक (न्यूनतम 3 वर्ष) एवं जहाँ लागू हो, पूर्णकालिक नियमित स्नातकोत्तर अर्हताएँ (न्यूनतम 2 वर्ष) ही मान्य होंगी। डिप्लोमा, प्रमाणपत्र, एक्जीक्यूटिव कार्यक्रम तथा दूरस्थ, ऑनलाइन, अंशकालिक, पत्राचार अथवा अन्य किसी माध्यम से प्राप्त अर्हताओं पर विचार नहीं किया जाएगा। केवल निर्धारित शैक्षणिक अर्हता प्राप्त करने के उपरांत अर्जित अनुभव (Post-Qualification Experience) को ही मान्य माना जाएगा।

- एमबीबीएस / बीएएमएस / बीएचएमएस / बीडीएस / मनोविज्ञान में स्नातक डिग्री के साथ किसी प्रतिष्ठित संस्थान से सार्वजनिक स्वास्थ्य, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन अथवा हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन में पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री अथवा उससे उच्चतर योग्यता।
- न्यूनतम 01 वर्ष का उपरांत योग्यता कार्य अनुभव, विशेष रूप से सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुख्य क्षेत्रों एवं अनुसंधान गतिविधियों में।
- निम्नलिखित में से एक अथवा अधिक क्षेत्रों में कार्यानुभव :
- ❖ गुणात्मक अनुसंधान।
- ❖ मात्रात्मक अनुसंधान।
- ❖ व्यवस्थित समीक्षा।
- ❖ प्रलेखन।
- ❖ डेटा विश्लेषण।
- उत्कृष्ट विश्लेषणात्मक, संप्रेषण एवं प्रस्तुतीकरण कौशल तथा अच्छे पारस्परिक कौशल।
- अंग्रेज़ी में उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संप्रेषण कौशल।
- असाधारण रूप से योग्य अभ्यर्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यताओं, अनुभव एवं आयु-सीमा में छूट प्रदान की जा सकती है।

**लिखित परीक्षा संबंधी शर्त :**

यदि भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा सम्मिलित है, तो न्यूनतम अर्हता अंक 70% होंगे। तथापि, यदि न्यूनतम अर्हता अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होती है, तो प्रत्येक 1 रिक्ति के लिए 1:5 के अनुपात में अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, अर्थात् सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शीर्ष 5 अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा।

यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते हैं, तो ऐसे सभी अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा।

**आयु-सीमा :**

40 वर्ष अथवा उससे कम।

**कार्य-स्थल :**

नई दिल्ली; राज्यों एवं जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर। राज्यों एवं जिलों की यात्रा अपेक्षित होगी।

**पारिश्रमिक सीमा :**

₹40,000/- से ₹70,000/- प्रति माह।

*पारिश्रमिक अभ्यर्थी की योग्यता एवं अनुभव के अनुरूप निर्धारित किया जाएगा।

**अन्य लाभ :**

उपर्युक्त पारिश्रमिक के अतिरिक्त, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) के सलाहकारों को निःशुल्क दुर्घटना बीमा, रियायती चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल प्रतिपूर्ति, लैपटॉप प्रतिपूर्ति (NHSRC की नीति के अनुसार), 30 दिवस का समेकित अवकाश, भारत सरकार की नीति के अनुसार महिला सलाहकारों हेतु पूर्ण वेतन सहित मातृत्व अवकाश, प्रदर्शन आधारित वार्षिक वेतन वृद्धि तथा आधिकारिक भ्रमण के दौरान यात्रा भत्ता (TA/DA) एवं प्रतिदिन भत्ता (Per Diem) प्रदान किया जाएगा।

**अनुबंध की अवधि :**

प्रारम्भिक अनुबंध 31 मार्च 2028 तक के लिए होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन की स्थिति में समान अवधि के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है।

चयनित अभ्यर्थियों को NHSRC में समान कौशल-समुच्चय एवं उपयुक्त स्तर के अन्य रिक्त पदों के लिए भी विचारार्थ लिया जा सकता है।

**आवेदन की प्रक्रिया :**

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे NHSRC की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को सावधानीपूर्वक भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि **28 July 2026** होगी।